प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 25.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **पश्चिम एशिया संकट पर केंद्र की बड़ी पहल, आज शाम बुलाई गई सर्वदलीय बैठक, सरकार ने कहा– संकट के समय राजनीति न करे विपक्ष।**

2. **31 मार्च की डेडलाइन से पहले पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज, 15 हजार जवानों ने की घेराबंदी।**

3. **पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने धर्मांतरण पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय को बताया ऐतिहासिक; कहा– धर्म बदला तो खो देंगे अपनी मूल पहचान।**

4. **सीसीएल की चंद्रगुप्त परियोजना से कोयला उत्पादन शुरू; टंडवा और केरेडारी क्षेत्र में रोजगार के खुलेंगे नये अवसर।**
5. **कोडरमा के कुणाल ने बनाया दिमाग से चलने वाला स्मार्ट व्हीलचेयर; राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार जीतकर झारखंड का नाम किया रोशन।**

****

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर चर्चा करने के लिए आज शाम सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक संसद परिसर में होगी। संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि सरकार ने विपक्षी दलों के साथ मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए यह बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि संकट के समय रचनात्मक भूमिका निभाना विपक्ष का भी कर्तव्य है, लेकिन दुर्भाग्य से विपक्ष इस पर राजनीति कर रहा है।

****

केन्द्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार है और एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ा दिया गया है तथा सभी संयंत्र अपनी पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आयोजित अंतर–मंत्रालयी बैठक को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है।

****

राज्य के सारंडा और कोल्हान के जंगलों में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ अब ऑपरेशन क्लीन स्वीप के साथ–साथ मनोवैज्ञानिक युद्ध भी छेड़ दिया है। अब पोस्टर वार के जरिए बचे हुए नक्सलियों पर आत्मसमर्पण का दबाव बनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट

****

इधर झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस के बीच गढ़वा में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इसमें सीमावर्ती क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, वारंटियों की जानकारी साझा करने और नक्सल गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए संयुक्त कार्रवाई पर सहमति बनी। दोनों राज्यों ने साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ तकनीकी सहयोग बढ़ाने का भी निर्णय लिया है।

****

रांची के सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर नगड़ी निवासी आशीष सोनी के इलाज के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 3 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। सांसद ने इस मानवीय कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और आशीष के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

****

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने धर्मांतरण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले को ऐतिहासिक करार दिया है। चंपाई सोरेन ने कहा कि शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि धर्म परिवर्तन के बाद व्यक्ति अपनी मूल पहचान के साथ मिलने वाले एससी–एसटी एक्ट और आरक्षण के तमाम अधिकार खो देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में धर्मांतरण कराने वाले लोग लालच और भ्रम फैलाकर आदिवासियों और दलितों को उनके अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। उन्होंने इस फैसले को संविधान की मूल भावना की रक्षा करने वाला बताया है।

****

सीसीएल की बहुप्रतीक्षित चंद्रगुप्त कोल परियोजना से कोयला उत्पादन का कार्य आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। नवनियुक्त जीएम संजीव कुमार ने बताया कि शुरुआती दौर में प्रतिदिन 18 हजार टन कोयले का उत्पादन हो

रहा है। एमडीओ मोड में संचालित यह परियोजना अगले 41 वर्षों तक चलेगी, जिससे चंदवा के टंडवा और केरेडारी क्षेत्र के स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

****

कोडरमा के युवा वैज्ञानिक कुणाल अम्बष्ट ने काया–न्यूरोसिंक नामक एआई उपकरण बनाकर झारखंड का मान बढ़ाया है। यह डिवाइस साधारण व्हीलचेयर को दिमाग और आंखों के संकेतों से चलने वाली स्मार्ट व्हीलचेयर में बदल देता है। पिछले दिनों नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में 20 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने इस तकनीक की सराहना की थी। हाल ही में इग्नू के राष्ट्रीय महोत्सव में इस नवाचार को प्रथम पुरस्कार मिला है।

****

राजधानी रांची में रामनवमी महापर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने आज सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का विस्तृत खाका पेश किया। उन्होंने बताया कि शहर की सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरों से आसमान से निगरानी की जा रही है, विशेषकर संवेदनशील इलाकों और छतों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

****

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक आज लगभग दो प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स एक हजार चार सौ से अधिक अंक की वृद्धि के साथ 75 हजार 515 जबकि निफ्टी 451 अंक बढ़कर 23 हजार 364 पर था।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव लगभग एक लाख 32 हजार रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर देखा जा रहा है। जबकि चांदी दो लाख 35 हजार रुपये प्रति किलोग्राम है।

****

राज्य में मौसम फिर करवट ले रहा है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार, नए साइक्लोनिक सर्कुलेशन से अगले 48 घंटों में बादल छाए रहेंगे। रामनवमी पर 27 और 28 मार्च के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान राज्य के कई हिस्सों में मेघ गर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है।

****

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ यानी जेएससीए के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सीनियर अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए रांची जिला की टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम के कप्तान शिखर मोहन होंगे जबकि उपकप्तान पंकज कुमार को बनाया गया है।

***********समाप्त***************